कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहपुर

प्रेस नोट,जनपद फतेहपुर

दिनांक 02.07.2026

थाना मलवां पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्ता को किया गिरफ्तार।

संक्षिप्त विवरणः- दिनांक 27.06.2026 को वादी राजकुमार पुत्र स्व० सुखदेव निवासी ग्राम तारापुर असवार, थाना मलवां, जनपद फतेहपुर द्वारा थाना मलवां पर तहरीरी सूचना दी गई कि उसके भाई अवधेश उर्फ पवन की पत्नी प्रीति उर्फ विनीता देवी द्वारा घरेलू विवाद के दौरान कमरे में ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी गई, जिससे उसके भाई की झुलसकर मृत्यु हो गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मलवां पर मु0अ0सं0-139/2026 धारा103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी का विवरणः- श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, जनपद फतेहपुर के पर्यवेक्षण एवं पुलिस उपाधीक्षक नगर के कुशल नेतृत्व में थाना मलवां पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 139/2026 धारा 103(1) बीएनएस से संबंधित अभियोग की विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में नामित वांछित अभियुक्ता प्रीति उर्फ विनीता देवी पत्नी स्व० अवधेश उर्फ पवन निवासी ग्राम तारापुर असवार थाना मलवां जनपद फतेहपुर को दिनांक 02.07.2026 को समय 12:50 बजे उसके निवास स्थान ग्राम तारापुर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्ता को आवश्यक विधिक कार्यवाही उपरांत मा० न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

पूछताछ का विवरणः- पूछताछ पर अभियुक्ता प्रीति उर्फ विनीता देवी ने बताया कि उसका पति अवधेश उर्फ पवन नशा करने का आदी था तथा आए दिन उसके साथ मारपीट करता था। दिनांक 26.06.2026 को भी पति द्वारा प्रताड़ित किए जाने से क्षुब्ध होकर उसने घर के कमरे में कथरी पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी और बाहर चली गई। वापस आकर देखा तो मेरा पति जलकर मर चुका था। इसके बाद शोर मचाने पर मोहल्ले के लोग मौके पर आ गए।

गिरफ्तार अभियुक्ता का नाम पताः-

1.अभियुक्ता प्रीति उर्फ विनीता देवी पत्नी स्व0 अवधेश उर्फ पवन निवासी ग्राम तारापुर असवार थाना मलवां जनपद फतेहपुर उम्र 38 वर्ष

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-

1.प्रभारी निरीक्षक श्री राजीव मिश्रा थाना मलवां, जनपद फतेहपुर

2.व0उ0नि0 विनोद कुमार सिंह

3.उ0नि0 रवीन्द्र कुमार सिंह

4.का0 मंजीत सोनकर

5.रि0का0 अरुण कुमार गिरि

6.रि0का0 अभिषेक मिश्रा

7.म0का0 नीतू यादव